


## एक नजर

### चार आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने गुंडागर्दी करने के आरोप में प्रेमचंद्र पुत्र भगवानदीन, गुड्डू उर्फ राकेश पुत्र स्व. भगवानदीन निवासीगण कैंप का पुरवा डिलौरा, लालदास पुत्र फूलचंद्र और मुन्ना पुत्र फूलचंद्र निवासीगण बनाड़ी के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

### जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक हुई

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने चित्रकूट व मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों के जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक की। इसमें डीएम ने कहा कि चुनाव निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है। मतदान के दिन एक्टिव रहना है। कहीं मशीन खराब हो गई हो तो तत्काल उसको बदलें। एसपी ने बताया कि जनपद में 87 सेक्टर बनाए गए हैं। सीडीओ अमृतपाल कौर ने आश्वस्त किया कि किसी को कोई समस्या हो तो बताए, तत्काल उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आग से बालक समेत दो लोग झुलसे गृहस्थी का सामान भी जलकर राख

## पहाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कहेटा माफी में घटना, अग्निशमन दल पर लापरवाही के आरोप

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गर्मी में आग गांवों में कहर बनती जा रही है। सोमवार को कहेटा माफी गांव में एक कच्चे घर में आग लग गई। इसमें एक बालक सहित दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घर-गृहस्थी का सामान राख हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को फोन किया गया तो स्विच आफ कर लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, पहाड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कहेटा माफी निवासी ज्ञानचंद रैकवार (50) गांव में ही अपने भाई के घर सपरिवार चले गए थे। कच्चे घर में साले का पुत्र कृष्ण कुमार (10) सो रहा था। सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे कच्चे घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें देखकर पड़ोसी दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर ज्ञानचंद रैकवार मौके पर पहुंचे। वह लपटों के बीच घुस गए और अंदर मौजूद कृष्ण कुमार को किसी तरह बाहर लाए। ज्ञानचंद और कृष्ण कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने किसी तरह हैंडपंप एवं वहीं शादी के लिए खड़े टैंकर से पानी लेकर आग पर काबू पाया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। परिजनों ने बताया कि 26 अप्रैल को पुत्री की शादी थी। शादी का सामान, कपड़े, गेहूं, चावल, आटा, दाल के साथ फ्रिज कूलर एवं लगभग डेढ़ लाख रुपये नकदी और जेवर राख हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी पर मौके पर नहीं पहुंची। फोन स्विच ऑफ कर लिया गया।



पीड़ित परिवार की मदद को पहुंचे एसडीएम। अमृत विचार

### अग्निपीड़ित परिवार की मदद को बढ़ाएं हाथ

**राजापुर।** गोबरौल के मजरा खेरवा में बीते दिनों देवचरण सिंह के घर में लगी आग से उसकी घर-गृहस्थी राख हो गई थी। इसके बाद उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने सोमवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दी। इसके साथ ही कपड़े और खाद्य सामग्री भी दी। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे यथा संभव मदद करें। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सक्षम लोगों को पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक रामलोटन पांडेय ने दस हजार रुपये का चेक पीड़ित परिवार को सौंपा। खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह, जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ अखिलेश पांडेय रामनगर शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी ने भी शिक्षकों से मदद की अपील की है।

# दो स्कूलों से पास कर लिया कक्षा पांच

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** एक विद्यार्थी को दो दो स्कूलों से कक्षा पांच पास की मार्कशीट मिल गई। यह मामला है मानिकपुर क्षेत्र के विद्यालयों का। आरोप लग रहे हैं कि छात्र संख्या बढ़ाकर दिखाने की मंशा से ऐसा किया गया। (हालांकि 'अमृत विचार' दोनों मार्कशीट और टीसी की वैधता की पुष्टि नहीं करता)। उधर, खंड शिक्षाधिकारी का कहना है कि ऐसा है तो मामले की जांच की जाएगी।

गौरतलब है कि परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने का दबाव रहता है। ऐसे में कई बार कई तरह के मामले भी सामने आते हैं। ताजा मामला हनुवा गांव निवासी छात्र अरमान सिंह राणा पुत्र केशव प्रसाद है। बताया जाता है कि यह प्राथमिक विद्यालय हनुवा में कक्षा एक से पांच तक पढ़ाई कर रहा था। इसका नाम प्राथमिक विद्यालय सरैंया भाग एक में भी लिखा था। अब इसे कक्षा पांच की मार्कशीट मिली है, वह भी दोनों स्कूलों से।

पता यह भी चला है कि सरैया के स्कूल में इसका नाम बिना कक्षा चार की मार्कशीट और टीसी लिए इसका नाम कैसे लिख लिया। इस संबंध में जब सरैंया के प्रधानाध्यापक अजय प्रताप सिंह से बात की गई तो उनका तर्क था कि अगर बच्चा 15 साल का है और पढ़ाई में तेज है तो बिना टीसी के भी नाम लिखा जा सकता है।

हनुवा के प्रधानाध्यापक से बात नहीं हो सकी। मजे की बात यह है कि दोनों स्कूलों से उसे पांच पास की मार्कशीट के बाद टीसी भी निर्गत की गई है। चर्चा यह भी है कि छात्र जिस क्षेत्र में रहता है, वहां चार-चार प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय हनुवा भाग एक और दो, बजहा पुरवा भाग एक, गडरियापुरवा भाग एक हैं पर सरैया में उसका नाम क्यों पंजीकृत किया गया।

इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी मानिकपुर मिथलेश कुमार का कहना है कि अगर एक छात्र एक साथ दो विद्यालय में पंजीकृत है तो गलत है। अगर दोनों विद्यालयों से कक्षा पांच उत्तीर्ण की मार्कशीट निर्गत है तो उसमें सबसे पहले अभिभावक की गलती है और फिर शिक्षक की। मामले की जांच की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




दोनों स्कूलों से निर्गत की गई टीसी। अमृत विचार

- बीईओ बोले, अगर ऐसा है तो जांच कर की जाएगी कार्रवाई
- दोनों विद्यालयों से छात्र की टीसी भी कर दी गई निर्गत



एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

# बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा गरमाया

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- एसडीएम को ज्ञापन भेजकर की निष्पक्ष जांच की मांग

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई की बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा गरमाया रहा। नगर उपाध्यक्ष सतीशचंद्र मिश्रा के आवास में हुई बैठक में व्यापारियों ने आरोप लगाया कि व्यापारी राहुल केशरवानी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। इसकी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रमोद झा को सौंपा गया।

दशरथ प्रसाद केशरवानी, संतोष सोनी (मन्नू), राजेंद्र सोनी, कमलेश अग्रहरि, दरबारीलाल केशरवानी, उमेश सोनी, संतोष बंसल, सुरेश सोनी, गोविंद केशरवानी, सत्यनारायण केशरवानी, अशोक केशरवानी, भरतलाल जायसवाल आदि व्यापारियों ने कहा कि महादेव मोटर्स के प्रोपराइटर राहुल केशरवानी के विरुद्ध कुछ लोगों ने चारपहिया वाहन की सर्विसिंग को लेकर हुए विवाद व सर्विसिंग का पैसा न देने की नीयत से फर्जी, मनगढ़ंत कहानी रची है। इससे व्यापारी की छवि धूमिल हो रही है। इससे व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने घटना की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई।

व्यापारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो सभी अपने प्रतिष्ठान बंद रख धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। एसडीएम ने व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में अनिल गुप्ता, सुनील मिश्रा, सतीश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# टैक्सी रिक्शा पर प्रदेश सरकार से हाईकोर्ट ने मांगा है जवाब

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- गाइडलाइन बनी तो मेरे करियर की होगी महत्वपूर्ण उपलब्धि : सौरभ
- मऊ के पूरबपताई निवासी हैं याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सौरभ सिंह

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा (टैक्सी रिक्शा) को लेकर जिन अधिवक्ता सौरभ सिंह की बहस को सुनने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार से कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है, वह मऊ के रहने वाले हैं। सौरभ कहते हैं कि अगर ई रिक्शा को लेकर कोई गाइडलाइन बनती है तो यह लोगों के लिए बहुत सुविधाजनक होगी और उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धि भी होगी।

मूल रूप से मऊ तहसील अंतर्गत पूरबपताई के रहने वाले सौरभ सिंह एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने मेरठ निवासी मनोज कुमार चौधरी की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कोर्ट का ध्यान प्रदेश के हर शहर में बेतरतीब दौड़ रहे ई-रिक्शा की ओर आकृष्ट कराने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि इनकी न तो कोई गाइडलाइन है और न रूट तय है। अक्सर भीड़भाड़ इलाकों में ये जाम की वजह बनते हैं और कई बार दुर्घटनाओं का कारण भी। उन्होंने कोर्ट को मेरठ शहर का उदाहरण दिया था, जहां एक जानकारी के मुताबिक लगभग 30 लाख आबादी में 13,443 बैटरी ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं पर हकीकत में 50 हजार से भी ज्यादा इनकी संख्या है। अधिवक्ता ने बताया कि मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से बैटरी रिक्शा के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। सरकार से इस संबंध में कोर्ट ने गाइडलाइन की जानकारी और लोगों की परेशानी कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। अधिवक्ता सौरभ सिंह का मानना है कि अगर ई-रिक्शा को लेकर कोई गाइडलाइन बन गई और वास्तविकता में इसका अमल होने लगा तो यह लोगों के लिए बड़ी राहत की बात होगी।



अधिवक्ता सौरभ सिंह। अमृत विचार

## पंचायत भवन में ही लिए जाएं आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पंचायतराज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आदि के लिए परेशान होना पड़ता है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने बताया है कि संबंधित सचिवों के आनेजाने का समय तय न होने से भी दिक्कत होती है। कतिपय नियम बताकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देने को कहते हैं। यह स्थिति अत्यंत ही आपत्तिजनक है। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिए है कि वे प्रमाणपत्र व परिवार रजिस्टर की नकल के लिए प्रार्थनापत्र प्राप्त करने की व्यवस्था पंचायत भवन में सुनिश्चित करें। लाभार्थी को प्रार्थनापत्र प्राप्त करने की रसीद तिथि व हस्ताक्षर सहित उपलब्ध कराएं। यह औपचारिकता अनिवार्य रूप से एक सप्ताह में पूरी कर नकल/प्रमाणपत्र उपलब्ध कराएं।

# आग से साल भर की मेहनत पर फिरा पानी

**मऊ (चित्रकूट)।** रविवार की देर रात खप्टिहा गांव निवासी ओम प्रकाश गुप्ता के घर में आग लग गई। इससे उनकी गृहस्थी का सामान राख हो गया। उन्होंने बताया कि रविवार देर रात सपरिवार खाना खाकर सो गए थे कि अचानक शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। किसी तरह घर के सभी सदस्य बाहर निकले। गांववालों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

किसान ने बताया कि उसकी सालभर की मेहनत और कमाई आग की भेंट चढ़ गई। आग से बाइक, अनाज, भूसा वगैरह सभी था और घर में काम से रखे रुपये जल गए। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार की है। किसान के घर पहुंचे इलाहाबाद विवि के छात्र नेता अंकित द्विवेदी ने हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा दिया है।




भुक्तभोगी किसान ओमप्रकाश और उसका परिवार। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## मतदान के पहले बांट दें शत-प्रतिशत पर्चियां:डीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के संबंध में सोमवार को तहसील सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने बूथ लेवल ऑफीसरों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदान दिवस के पहले घर घर जाकर शत-प्रतिशत पर्ची बांटें। डीएम ने कहा कि मतदाता पर्ची बांटने का रजिस्टर भी बनाएं और पर्ची देते समय फोटो भी खींचें। अगर यह काम ठीक से करेंगे तो अवश्य मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। निर्देश दिए किसी मतदाता के कहीं किसी कार्यक्रम से बाहर जाने पर पर्ची सुरक्षित रखें और लौटने पर पर्ची दें। इस मौके पर एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, नायब तहसीलदार मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।




हालात | खेती में घाटा देख मजदूरी को मजबूर गांव के नौजवान, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से निराशा

# रोजी–रोजगार होता तो बाहर क्यों जाता इलाके का युवा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पूरे बुंदेलखंड में युवाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसी वजह से ज्यादातर युवा रोजगार की तलाश में पलायन को विवश होता है। रोजाना ट्रेनों में बैठकर दूरदराज रोजगार की तलाश में घर परिवार छोड़कर बाहर जा रहे युवाओं की आंखों में गांव घर छोड़ने की टीस साफ नजर आती है। दुखद यह कि किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान देने की कोशिश नहीं की।

बरगढ़ में एकमात्र फ्लोट ग्लास फैक्ट्री भी बंद पड़ी है। युवा रोजगार की तलाश में तो भटक रहे हैं पर उच्च शिक्षा के लिए इनको बाहर जाना पड़ता है। चित्रकूट जिले में भी हालात बदतर हैं। लोग आपस में बातचीत करते हुए कहते हैं, पूरा इलाका मानो बेरोजगारों की राजधानी के रूप में उभर रहा है।



रामबहोरी।



कमलेश।



सचिन वंदन।



कंचन कुमार।

### क्या कहते हैं पढ़े लिखे युवा

समाजसेवी सचिन वंदन कहते हैं कि चित्रकूट में बेरोजगार युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शासन–प्रशासन की ओर से कोई खास पहल नहीं की गई है। जिस वजह से चित्रकूट के शहरी और ग्रामीण अंचल के युवा पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। रुख्मा खुर्द बेलौहनपुरवा के सुनील कुमार कहते हैं कि चुनाव के समय नेता बेरोजगारी दूर करने के खूब वादे करते हैं लेकिन चुनाव के बाद सब भूल जाते हैं। फिर चुनाव आ गया है और लोकलुभावन वादों की बरसात हो रही है। कौबरा निवासी कंचन कुमार का कहना है कि समूचे बुंदेलखंड में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। नौकरी की तलाश में युवा बड़े शहरों को जाते हैं। केंद्र और राज्य सरकार रोजगार देने का दावा तो खूब कर रही है लेकिन इसका कुछ खास परिणाम देखने को नहीं मिल रहा।

### बढ़ता जा रहा बेरोजगारी का मर्ज:रामबहोरी

ट्रैफिक चौराहे पर खड़े अमचुरनेरुवा नई बस्ती के रामबहोरी की आंखें उस व्यक्ति को ढूंढ रही थीं, जो उसे अपने साथ लिवा ले जाए और पूरे दिन की मजदूरी मिल जाए। शिक्षित बेरोजगार रामबहोरी ने कहा, बेरोजगारी का मर्ज दूर होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। अगर डबल इंजन की सरकार में भी बेरोजगारी दूर नहीं हुई तो आखिर कब दूर होगी।

### अब खुद भी करने लगे मजदूरी:कमलेश

मानिकपुर तहसील अंतर्गत गोपीपुर निवासी कमलेश यादव 35 साल के हो गए हैं। वह मजदूरी करके परिवार का पेट पालते हैं। बताया कि पहले परिवार बाहर जाकर कमाता था अब बड़े हुए तो खुद भी यही करने लगे। कमलेश ने इस बात पर रोष जताया कि क्षेत्र में न तो कोई फैक्ट्री है और न कोई रोजगार।

### घर के हालात देख खेती करने से बना रहे दूरी

जो युवा पलायन करते हैं, उनमें से ज्यादातर गांवों के होते हैं। इसकी वजह खेती किसानी को लेकर इनके मन में पैदा हो रही उदासीनता है। बचपन से ही अपने मांबाप को खेत में खटते देखकर बड़ा हुआ गांव का बच्चा जब पाता है कि इतनी मेहनत के बाद भी उसके मां–बाप के कपड़े फटे हैं, घर में खाने को नहीं है तो इसकी बजाय मजदूरी करना पसंद करता है। काम की तलाश में शहरों को आया युवा दो जून की रोटी के लिए पूरे दिन पसीना बहाने को तैयार हो जाता है।

# अब मथुरा में बजेगी श्रीकृष्ण की बांसुरी : ब्रजेश पाठक

## रामभक्तों का सीना छलनी करने वालों को माफ नहीं करेगी जनता, भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में विपक्षियों पर जमकर गरजे डिप्टी सीएम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस चुनाव को रामभक्तों और रामभक्तों पर गोली चलाने के बीच की जंग बताते हुए कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। वहीं निकट भविष्य में मथुरा स्थित भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बांसुरी बजाने के संकेत देकर बहुसंख्यकों में उत्साह भरा। कहा कि रामभक्तों की सीना गोलियों से छलनी करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान करते हुए अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह पटेल ने डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत किया।

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कराने के लिए हाईकमान से प्रमुख नेताओं व मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से जहां सूबे के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह पटेल का नामांकन दाखिल कराया। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जीआईसी मैदान में आयोजित नामांकन जनसभा को संबोधित किया। डिप्टी सीएम श्री पाठक ने कहा कि जल्द ही मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विवाद सुलझाकर वहां भी भगवान श्रीकृष्ण का भव्य और दिव्य मंदिर स्थापित किया जाएगा और बृजवासी भी अवध क्षेत्र की तरह चैन की बंशी बजाएंगे। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए लोकसभा चुनाव को धर्मयुद्ध बताया। कहा कि एक तरफ धर्म आधारित भारतीय जनता पार्टी है, तो दूसरी तरफ सनातन विरोधी, अधर्मी व भ्रष्टाचारी राजनीतिक दल हैं। उन्होंने जनता जनार्दन से अपना वोट सोच समझ कर देने की अपील की। कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने अपने सभी वादे पूरे करके जनता का विश्वास जीता है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था मुहैया कराई है, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के साथ ही देश को विकास के पथ पर सरपट दौड़ाने का काम किया है। कहा कि मोदी की अगुवाई में पिछले दस सालों में देश की ख्याति विश्व पटल में बढ़ी है। इसका नतीजा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्रों की तिरंगा लहराते हुए सकुशल वापसी संभव हो सकी है। डिप्टी सीएम प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाना नहीं भूले। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में विकास की धारा निरंतर बह रही है और प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही एक्सप्रेस-वे की सौगात मिल रही है। बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल की योजना बस अंतिम चरण में है। कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में बुंदेलखंड पेयजल संकट का उदाहरण बन गया था, यहां ट्रेनों के जरिए पीने का पानी पहुंचाया जाता था। पिछली सरकारों ने जहां शिक्षा का बुरा हाल कर रखा था, वहीं भाजपा की सरकार में बच्चों को मिड-डे-मील, जूता-मोजा, ड्रेस के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री राकेश सचान ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया और भाजपा उम्मीदवार को जिता कर संसद में भेजने का आह्वान किया। जनसभा को भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल, प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा आदि जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।



मंच से जनता का अभिवादन करते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

### प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का दिलाया संकल्प

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का जोरदार स्वागत करते हुए जिले के प्रत्येक बूथ में कमल खिलाने का आह्वान किया। कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में महिलाओं के सम्मान का विशेष ध्यान रखा गया है। महिलाओं की सुविधा के लिए इज्जतघर देकर उनका मान बढ़ाया गया है। कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के साथ ही युवाओं, बुजुर्गों, किसानों, मजदूरों और गरीब तबके के लोगों के उत्थान की चिंता की है और विभिन्न योजनाओं के जरिए सभी वर्गों का हित साधने का काम किया है। विधायक ने उप मुख्यमंत्री श्री पाठक और एमएसएमई मंत्री श्री सचान को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने जनता जनार्दन का आह्वान करते हुए प्रत्येक बूथ में कमल खिलाकर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

### पूर्व विस प्रत्याशी समेत सैकड़ों ने ओढ़ा भगवा चोला

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान करीब दो सैकड़ा लोगों ने दूसरी पार्टियों को छोड़कर भगवा चोला ओढ़ने का फैसला किया। उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने सभी को मंच पर ही पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धीरज राजपूत, सपा के पूर्व प्रदेश सचिव रामपाल प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य अरुण पटेल, दिनेश पटेल, शशांक शेखर सिंह समेत दो सैकड़ा सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे। डिप्टी सीएम श्री पाठक ने सभी को भगवा पटका पहनाकर स्वागत किया।

### डिप्टी सीएम के स्वागत को आतुर दिखे कार्यकर्ता

शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित भाजपा प्रत्याशी की नामांकन जनसभा के दौरान डिप्टी सीएम के स्वागत की होड़ मची रही। भाजपाई अपने नेता के स्वागत के लिए तमाम छोटे-बड़े माला और स्मृति चिह्न देने पहुंचे थे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत किया गया। जनसभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय सिंह और संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने किया। जनसभा में चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, चित्रकूट जिला प्रभारी अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, संयोजक बालमुकुंद शुक्ला, मनोज शुक्ला, शिवशंकर सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, रंजना उपाध्याय, अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, डा .धर्मेंद्र त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, राजेश द्विवेदी, अशोक त्रिपाठी जीतू, लवलेश सिंह, ब्लाक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू, अंकित गुप्ता बासू समेत दोनों जिलों के प्रमुख नेता शामिल रहे।



नामांकन करते बसपा उम्मीदवार मयंक द्विवेदी। अमृत विचार

## भाजपा और बसपा समेत तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे

● शुभ मुहूर्त देख कराया बसपा प्रत्याशी ने नामांकन

**बांदाः** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही अब विभिन्न दलों के उम्मीदवारों ने चुनावी समर में ताल ठोकनी शुरू कर दी है। सोमवार को सत्ताधारी भाजपा और बसपा समेत तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए और चुनावी समर में कूदने का ऐलान कर दिया है। भाजपा उम्मीदवार ने जहां लाव लश्कर के साथ नामांकन के चार सेट दाखिल किए। वहीं बसपा प्रत्याशी ने सादगी के साथ एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के न्यायालय कक्ष में खासी गहमागहमी का माहौल रहा। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आरके सिंह पटेल ने प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना पर्चा भरा। उन्होंने नामांकन पत्र चार सेट दाखिल किए हैं। इसके पहले उन्होंने समर्थकों के साथ शहर के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर में माथा टेका और भगवान से जीत का अशीर्वाद मांगा। उनके साथ जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा आदि शामिल रहे। वहीं बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने अपने समर्थकों के साथ सादगी से अपना नामांकन दाखिल किया। बताते हैं कि बसपा प्रत्याशी ने सोमवार को शुभ मुहूर्त के अनुसार एक सेट दाखिल कर औपचारिकता निभाई है। वह बाद में लाव लश्कर के साथ एक बार फिर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। जबकि तीसरे उम्मीदवार के रूप में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की ओर से राम सिंह ने भी अपना पर्चा भरा और लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी ठोंकी है। नामांकन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। नामांकन दाखिल करने के जाने से पहले उम्मीदवार और समर्थकों की सघन तलाशी ली गई।



सरकारी हैंडपंप पर कब्जा करते युवक। अमृत विचार

## बाउंड्री बनाकर किया सरकारी हैंडपंप पर कब्जा, शिकायत

संवाददाता, अतर्रा

● नगवारा गांव का मामला ग्रामीण एसडीएम से मिले

**अमृत विचारः** जहां एक ओर भीषण गर्मी के मौसम में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए हलाकान हो रहे हैं, वहीं पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए गांवों में लगे सरकारी हैंडपंपों पर दबंगों की नियत खराब हो रही है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के नगवारा गांव में सामने आया है, जहां दबंगों ने गांव में लगे सरकारी हैंडपंप को बाउंड्रीवाल के अंदर कर लिया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की शिकायत करके कार्रवाई की मांग बुलंद की है।

तहसील क्षेत्र के नगवारा गांव के लोगों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम रावेंद्र सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया है कि उनके मोहल्ले में लगे सरकारी हैंडपंप को गांव के ही एक दबंग परिवार ने बाउंड्रीवाल बनाकर अपने कब्जे में कर लिया है। जिससे मोहल्ले के लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। बताया है कि हैंडपंप पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा देता है। बताया है कि ग्रामीणों ने जब मामले की शिकायत ग्राम प्रधान से की तो उसने भी कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले को संज्ञान में लेने और जनहित को देखते हुए तत्काल हैंडपंप को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उदयभान, लालबाबू, बच्चा, चंद्रभवन, मुकेश आदि रहे।

## क्षेत्र में भ्रमणशील रहें, वाहनों की करें चेकिंग

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि बामदेव सभागार में लोकसभा चुनाव में लगाई गई एसएसटी व एफएसटी टीमों और इनकमटैक्स, जीएसटी, पुलिस, आबकारी व अन्य विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एफएसटी टीम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने क्षेत्र में आपसी समन्वय करते हुए निरन्तर भ्रमणशील रहकर अपने कार्यों को प्रभावी रूप से करें।
बैठक में कहा गया कि एफएसटी टीमें सभी वाहनों की सघनता से चेकिंग करें और वीडियोग्राफी अवश्य कराएं। अवैध सामग्री व नगदी मिलने पर उसे सीज करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि रात की टीमें विशेष रूप से निगरानी रखें तथा सतर्कता व सुरक्षा का भी ध्यान रखते हुए कार्य करें। उन्होंने अवैध शराब के वितरण व आमद की भी सघनता से चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। चेकिंग के समय पुलिस अधकारी अवश्य साथ रहेंगे।

जिलाधिकारी श्रीमती नागपाल ने सभी छोटे-बडे वाहनों सहित सघनता से चेकिंग किये जाने के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, अधिक भीड़ वाले स्थानों व संदिग्ध वाहनों की सम्पूर्ण रूप से चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विधानसभा में टीमें लगायी गयी हैं तथा 36 टीमें संचालित की गयी हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि एसएसटी व एफएसटी टीम की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस सतर्क रहकर मौके पर पहुंचे और आवश्यकतानुसार उनकी मदद की जाए। उन्होंने निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए दोनो टीमों के अधिकारियों को अधिक सक्रियता के साथ कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। मुख्य कोषाधिकारी ने निर्देश दिये कि एफएसटी व एसएसटी टीमें प्रतिदिन किये जाने वाली कार्यवाही की सूचना सहायक व्यय पर्यवेक्षक को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं एफएसटी एवं एसएसटी के अधिकारीगण, आबकारी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

## आग से पाइप जले

**बबेरूः** कस्बे के तिन्दवारी रोड बोर पर लगे पाइप पर अचानक आग लग जाने से रखे 25 सिंचाई वाले पाइप और 20 क्विंटल लकड़ी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कस्बे के तिंदवारी रोड निवासी किसान शिवमंगल सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह के बोर पर अचानक आग लग लग गयी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मक्शकत के बाद आग पर काबू पाया।

## प्रताड़ना से परेशान युवती ने जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● मृतका के भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचारः** पति की प्रताड़ना से परेशान युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धंन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के मायके वालो ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाया है।

अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव निवासी सोना (28) पत्नी तेजकुमार ने रविवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद मासूम बेटे को लेकर घर पहुंचे पति ने देखा तो वह चीख पड़ा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भाई फूलचंद निवासी तरौहा कर्वी ने बताया कि सोना की शादी एक साल पहले हुई थी। उसके एक तीन माह का बच्चा है। पति शराब पीकर अक्सर सोना के साथ मारपीट करता था। कई बार समझाया गया। लेकिन वह अपनी हरकतो से बाज नही आता था। रविवार की रात भी पति शराब पीकर घर आया और उत्पात मचाने लगा। इस पर सोना ने मना किया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। फूलचंद का आरोप है कि पति ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप दे दिया।

### सार-संक्षेप



अतिथियों के साथ सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

#### सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

**बांदा :** शहर के नरैनी रोड स्थित हिरा इस्लामिया इंटर कालेज में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरों पर विजई मुस्कान तैर गई। सोमवार को हिरा इस्लामिया इंटर कालेज में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह ने बच्चों को उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि बच्चों को एकाग्रता, लगन और पूरी तन्मयता के साथ परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए, तभी अच्छे अंक हासिल होते हैं। उन्होंने इंटरमीडिएट में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा फायजा (82%), मंतशा खान (79.8%), मो.आवैस खान (79.8%), शिबरा सिद्दीकी (78.2%) और हाईस्कूल के छात्र कामरान रईस (90.67%), फलक खान (89.16%), शफीक अहमद (88.33%) को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मरियम खान ने सभी का अभार व्यक्त किया।

#### अधिक शराब पीने से सफाईकर्मी की मौत

**बांदा :** अधिक शराब पीने से सफाईकर्मी की हालत बिगड़ गई। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के पल्हरी गांव निवासी रामभजन (50) पुत्र सुखुवा शहर के ज्योति नगर मोहल्ला में एक महिला के साथ रहता था। वह शराब पीने का आदी था। वह एक कार एजेंसी में सफाई कर्मी था। वह रविवार की रात नशे की हालत में घर आया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जब तक घरवाले अस्पताल ले जाने के लिए साधन का इंतजाम करने लगे। तभी रामभजन ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। महिला के बेटे जयदीप ने बताया कि वह बीस वर्ष से उनके ष्घर पर रह रहा था। उसकी शादी नही हुई थी। अधिक शराब पीने से उसकी मौत हो गई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अभियान — ट्राई साइकिल पर सवार दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली, सीडीओ और एडीएम ने दिखाई हरी झंडी

## ...बनो देश के भाग्यविधाता, जागो बांदा के मतदाता

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर लोकतंत्र के महापर्व की गूंज समूचे जिले में सुनाई देने लगी है। जगह-जगह मतदाता जागरुकता यात्राएं निकालकर लोगों को मतदान में भागीदारी करने का आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विकास भवन परिसर से ट्राई साइकिल यात्रा निकाल कर मतदान के प्रति जागरूकता की अलख जगाई और लोगों को अधिक से अधिक मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की अपील की।

स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकास भवन परिसर से दिव्यांगजन आईकॉन पद्मश्री विभूषित उमाशंकर पांडेय की अगुवाई में ट्राई साइकिल यात्रा निकाली गई। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम राजेश कुमार ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल दिव्यांगजन हाथों में तख्ती लिए मतदान को प्रेरित करने वाले स्लोगन और नारे लगा रहे थे। यात्रा के मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने एक एक वोट का महत्व बताते हुए कहा कि एक-एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। ऐसे में अपने वोट की कीमत पहचाननी होगी और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का जिम्मा उठाना होगा। सीडीओ श्री मौर्य ने एक-एक मत मूल्यवान है का संदेश दिया। कहा कि दिव्यांगजनों व वृद्धजनों के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बनो देश के भाग्य विधाता-जागो बांदा के मतदाता का स्लोगन बुलंद करते हुए जिलाधिकारी के संदेश को प्रचारित किया। कहा कि जिले के सभी 1389 बूथें पर दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल बैलेट उपलब्ध रहेगा। जिला विकास अधिकारी रमाशंकर ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद किया। दिव्यांग प्रतिनिधि श्यामबाबू त्रिपाठी ने सभी दिव्यांगजनों का अनिवार्य रूप से मतदान करने को आह्वान किया। दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक चौधरी ने बताया कि जिले में करीब 12 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने सभी को मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने का आह्वान किया। दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल यात्रा विकास भवन से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक, डीएम कालोनी, कचेहरी चौराहा होते हुए वापस विकास भवन में समाप्त हुई। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, सक्षम के सचिव शांतिभूषण सिंह, कृष्णा सिंह, दृष्टिबाधित इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आदि रहे।



ट्राइसाइकिल यात्रा निकालते दिव्यांग। अमृत विचार



जागरुकता रैली निकालते पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## पैरामेडिकल छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**बांदा :** नरैनी रोड तिंदवारा स्थित बांदा पैरामेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया और गांव में पहुंचकर लोगों को मतदान के प्रेरित किया। नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं और दिव्यांगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में बीएससी, जीएनएम, एएनएम और डीपीटी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कालेज के चेयरमैन मकबूल अली खान, डायरेक्टर डा.जरीना खान, प्रिंसिपल सीमा खातून, डा.ज्ञानप्रकाश, डा.आनंद, मंसूर अली, मंजूर अली, मनोज त्रिपाठी, डा.प्रदीप, सविता, आकाशदीप, शीलम रैकवार, आकांक्षा शुक्ला, वैशाली, सलमा खातून, अनुजा, साक्षी, अनुभा, अंकिता आदि रहीं।


घटना के बाद थाने में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार


खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# आग से जलती फसल को बचाने के प्रयास में किसान की जलकर मौत

## आग की चपेट में आने से पूरी फसल जलकर राख, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पड़ोसी के खेत में लगी आग ने मृतक के खेत को लिया चपेट में

**अमृत विचार।** खेत में थ्रेसिंग कराने के लिए रखी फसल में आग लग गई और आग को बुझाने के प्रयास में आग की चपेट में आकर किसान जिंदा जल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के जवानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन किसान की पूरी फसल जलकर बर्बाद हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इस घटना से किसान के घर पर कोहराम मचा हुआ है।


देशराज यादव।

कुलपहाड़ क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास देशराज यादव के खेत में थ्रेशर से कतराई कराने के लिए गेहूं की फसल रखी हुई थी। तभी अचानक खेत में रखी फसल में आग लग गई। आग की लपटों ने खेत के किनारे बने पशुवाड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया। फसल को आग से बचाने के लिए किसान पानी लेकर फसल के पास तक जाने लगा, इसी बीच आग फसल के दूसरे छोर में भी लग गई, जिससे किसान आग के बीच में फंस गया। यह देखकर ग्रामीण दौड़ पड़े और चारों तरफ से आग बुझाने लगे, इसी बीच कुछ ग्रमीणों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दे दी।

सूचना पर दमकल विभाग के अधिकारी देवेश कुमार फायर बिग्रेड के जवानों को लेकर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। दमकल विभाग के जवानों और ग्रामीणों की मदद से दो घंटे की मशक्कल के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तबतक किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग कैसे लगी इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि पड़ोसी के खेत में आग लगी थी धीरे धीरे आग की लपटों ने मेरे खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी पूरी फसल जलकर राख हो गई। मृतक के परिजनों ने अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# अब बिल्ले व विजिटिंग कार्ड के लिए नहीं दौड़ते बच्चे




कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चुनाव के मौके पर स्लोग्न और प्रचार न लिखने से दीवारें नजर आती हैं सूनीं

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर अब छोटे छोटे बच्चे न तो गांव आने पर चार पहिया वाहन के पीछे भागते हैं और न ही इन बच्चों में पहले जैसी चुनाव के प्रति उत्सुकता दिखाई देती है। इतना ही नहीं पहले चुनाव के समय नारों, स्लोगन, बैनर, पोस्टर और वाल पेंटिंग से पटी रहने वाली दीवारें भी अब चुनाव में सूनी सूनी दिखाई देती हैं। इन दीवारों पर न तो कोई चुनाव संबन्धी स्लोगन लिखे दिखाई देते हैं और न ही किसी प्रत्याशी का चुनाव प्रचार लिखा दिखाई देता है। लोगों की जेबों में अब प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न के बिल्ले भी नहीं नजर आते हैं। अलबत्ता ग्रामीण अंचलों में गाड़ियां सरपट दौड़ती दिखाई देती हैं।

दो दशक पहले तक लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थक वाहनों में भरकर पंपलेट, पोस्टर, विजिटिंग कार्ड, बिल्ले गांव गांव में वितरित करते थे। जेब में बिल्ले लगाने के प्रति बच्चों व समर्थकों में विशेष उत्साह दिखाई देता था। यही वजह थी कि गांव में प्रत्याशियों के वाहन आते ही बच्चे बिल्ले पाने के लिए दौड़ पड़ते थे। प्रत्याशियों के समर्थक भी बच्चों को बिल्ले वितरित करते थे और अपने लोगों को पंपलेट, विजिटिंग कार्ड, पोस्टर व स्याही और ब्रश भी दिया करते थे। स्याही से गांव गांव की दीवारों में प्रत्याशियों के समर्थन में नारे लिखकर पाट देते थे, लेकिन अब चुनाव आयोग द्वारा एक एक खर्च का हिसाब लिए जाने से अब प्रत्याशी दीवारों में पेंटिंग, पंपलेट, बैनर और बिल्ले बांटने से परहेज करने लगा है।

अब गांव में प्रत्याशियों की गाड़ियों सरपट दौड़ रही, लेकिन न उनके पास प्रचार सामग्री रहती है और न ही गाड़ी में स्टीकर और बिल्ले रहते है, जिसके चलते अब बच्चे भी चुनाव संबन्धी गाड़ियों को आते जाते देखते रहते हैं, लेकिन न तो वह गाड़ियों की तरफ आते है और न ही बिल्ले लेने के प्रति उनका रूझान रह गया है। यही वजह है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी प्रचार प्रसार नाम मात्र का दिखाई देता है अब पहले जैसा चुनाव प्रचार दिखाई नहीं देता।

### अब चुनाव प्रचार -प्रसार का तरीका बदला

- लोकसभा चुनाव में अब चुनाव प्रचार का तरीका भी बदल गया है। यही वजह है कि अब न तो सार्वजनिक स्थलों और मकानों की दीवारों में चुनाव प्रचार लिखा मिलता है और न ही अब बच्चों की टोलियां प्रत्याशियों के पक्ष में टेंपो हाई करते दिखते है। इंटेलीजेंस और गुप्तचर विभाग के चुनाव में काफी सक्रिय हो जाने और पल पल की रिपोर्ट ऊपर तक भेजे जाने से प्रत्याशियों ने भी चुनाव प्रचार का अब नया तरीका ईजाद कर लिया है, यही वजह है कि अब सोशल मीडिया के जरिए हर व्यक्ति तक उनका प्रचार प्रसार आसान तरीके से हो रहा है, जिसके चलते अब प्रत्याशी समाचार पत्रों में भी विज्ञापन प्रकाशित कराने से कतराने लगे हैं।

### कानफोड़ू लाउडस्पीकरों से मिली राहत

- चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार में अब सख्ती किए जाने से जिले के लोगों को कानफोड़ू चुनाव प्रचार से राहत मिल गई है। लोग भीषण गर्मी के दिनों में अब अपने अपने घरों में चैन की नींद सोते है। वहीं दुकानदार भी सुकून से दुकानदारी करते हैं, कारण अब न तो बाजार के चौराहे पर रिक्शों के जरिए लाउडस्पीकर से प्रचार होता है और न ही लोगों के कानों में दिन भर प्रचार की आवाजें गूंजती हैं। अब शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रचार होता है। हालांकि प्रचार प्रसार, रिक्शों और टेंपो में लाडरस्पीकर बांधकर न होने से रिक्शा और ऑटो चालकों का रोजगार भी छिन गया है।




# पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर किया घायल

**महोबा।** थाना महोबकंठ के ग्राम धवार में एक महिला से पड़ोसी परिवार ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई।

ग्राम धवार निवासी प्यारी पत्नी गंगादीन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मां घर पर काम कर रही थी, तभी पड़ोस के रहने वाले मनोज की पुत्री घर पर पहुंच गई, जिसे बिना पूछे घर पर प्रवेश करने से मना किया, जिस पर वह भड़क गई और अपने परिजनों को बुला लाई और लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। बताया कि मां ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# विवाद में बेटों के साथ मिलकर भाई को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी, पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम स्यावन में जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर लाठी डंडो से हमलाकर भाई को लहुलूहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना अजनर में दे दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


बिहारीलाल पाल।

ग्राम स्यावन निवासी बिहारीलाल पाल (40) पुत्र रामदयाल पाल सोमवार की सुबह अपने घर के बाहर खडा था, तभी मझला भाई चतुर आ गया और जमीन के बंटवारे को लेकर भाई से कहने लगा। जिस पर बिहारीलाल ने कुछ दिनों बाद बंटवारा करने की बात कही, लेकिन मझला भाई तत्काल बंटवारा करने की जिद पर अड़ गया और इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर मझला भाई ने अपने पुत्र सुनील (21) और राहुल (19) को बुला लिया और अपने छोटे भाई पर लाठी डंडों से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

# क्रासिंग बंद कर बनाए गए अंडरपास में भरा पानी

संवाददाता जैतपुर, महोबा

- रेलवे के अधिकारी इस ओर नहीं दे रहे कोई ध्यान, वाहन चालकों की बढ़ीं मुश्किलें

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए अंडरपास ब्रिज से सुविधा मिलने के बजाए वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं। भीषण गर्मी के मौसम मे भी तीन तीन फिट पानी अंडरपास में भरा रहने से स्कूटी, ऑटो व अन्य दो पहिया वाहन आए दिन पानी भर जाने से बंद हो जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को धक्का लगाकर किसी तरह वाहन को निकालना पड़ता है। साथ ही वाहन में पानी आ जाने से बंद हो जाते हैं और लोग परेशान होते हैं। इससे लोगों में रेलवे विभाग के प्रति खासा आक्रोश पनप रहा है।



अंडरब्रिज में भरे पानी से निकलते वाहन। अमृत विचार

झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर लोगों की सुविधा के लिये कस्बा बेलाताल में दो और कस्बा कुलपहाड़ में एक अंडरपास ब्रिज का निर्माण कराया गया लेकिन अंडरपास में हर समय पानी भरा रहता है। भीषण गर्मी के मौसम में भी ढाई से तीन फिट पानी भर जाने के कारण दो पहिया वाहन चालक ब्रिज में भरा पानी वाहन में घुस जाने से दो पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा अक्सर बंद हो जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेल प्रशासन इस समस्या के निराकरण के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। भीषण गर्मी में जब ढाई से तीन फिट पानी अंडरपास में भरा रहता है तो अन्य मौसम में पानी भरने का अंदाजा लगाया जा सकता है। यही वजह है कि अंडरपास हर मौसम में वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं।

कस्बा जैतपुर के भाजपा नेता अरुण मिश्रा, नीलू गुप्ता, हरिशंकर सेन सहित तमाम लोगों का कहना है कि झांसी मानिकपुर रेल लाइन के नीचे बनाए गए अंडरपास ब्रिज में अच्छी तकनीक इस्तेमाल न किए जाने से हर मौसम में पानी भरा रहता है। अंडरपास राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों के लिए कष्टदायी बनकर रह गया है। जल भराव को दूर करने के लिए ठेकेदार को पंपिंग सेट मशीन से पानी निकालने का ठेका दिया गया, लेकिन ठेकेदार द्वारा अंडरब्रिज से पानी नहीं निकाला जाता है, जिसके चलते ब्रिज में पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी कभार तो ऑटो में पानी भर जाने से ऑटो अंडरब्रिज के बीचों बीच बंद हो जाता है और जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। अब हर समय जल भरा होने से लोग रास्ता बदलकर कुलपहाड़ आने जाने लगे हैं।

# कुरीतियों को समाप्त करने को किया जागरूक

**महोबा।** शहर के कम्युनिटी गार्डन में संत रामपाल महाराज द्वारा एलईडी के माध्यम से सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में भ्रूण हत्या, भ्रष्टाचारी, जुआं, घूस, नशा, जातिपात आदि कुरीतियों से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया ।

इस मौके पर महाराज के अनुयायियों ने कहा कि सत्भक्ति संत रामपाल महाराज द्वारा प्राप्त कर सकते हैं, जो समाज को एक नई दिशा देने के लिए संघर्षरत है। कहा कि महाराज की शरण में जाने से लाखों लोग इन सब बुराइयों को छोड़ चुके हैं। सत्संग कार्यक्रम में मंडल सेवादार धीरेंद्रदास, जिला सेवादार चंद्रभानदास, महेशदास, कैलाश, चंद्रपाल, राममिलन, वीरेंद्र, रामस्वरूप, दासी गीता सहित तमाम दास मौजूद रहे।

# बैंकों व वित्तीय संस्थानों का किया गया निरीक्षण

- पुलिस ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को भी किया चेक
- चेकिंग अभियान से बैंकों में मौजूद लोगों में रही हड़कंप की स्थिति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को कोतवाली प्रभारियों ने बैंकों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में चलाए गए अभियान की जिम्मेदारी कोतवाली प्रभारियों, थानाध्यक्षों को दी गई है, जिसके चलते कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों ने सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को भी देखा। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से बैंकों में घूम रहे लोगों में हड़कंप मच गया।


बैंक के बाहर खड़े पुलिसकर्मी।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर सोमवार को जिले भर में स्टेट बैंक, बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बडौदा सहित विभिन्न बैंकों में अपने अपने क्षेत्र के कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर बैंकों में तैनात पुलिस कर्मचारियों को चेक किया साथ ही बैंक में घूम रहे लोगों से बैंक आने का कारण पूछा, समुचित जवाब न देने पर उन्हें बैंक से भगा दिया गया। जिले के पुलिस बल द्वारा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, पेट्रोल पम्पों व अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमण दौरान बैंकों में खलबली मच गई। बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूछताछ कर वहां से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया। बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया साथ ही शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी।

# पेयजल न मिलने से मचा हाहाकार


संवाददाता जैतपुर, महोबा

- नमामि गंगे योजना भी नहीं बुझा पा रही ग्रामीणों की प्यास तीन दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

**अमृत विचार।** ग्रामीण अंचलों में नमामि गंगे योजना के तहत हर घर में पानी पहुंचाने के लिए गांव गांव में पाइप लाइन बिछाकर ग्रामीणों के घरों में कनेक्शन तो कर दिए गए, लेकिन पानी को लेकर ग्रामीणों में हाय तौबा मची हुई है। तमाम गांव में तो बिछाई गई पाइप लाइन शोपीस बनकर रह गई, जबकि कुछ गांव में पाइप लाइन बिछाकर टोटियां लगा दी गई, लेकिन कई कई दिन तक पानी न आने से ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। जल निगम द्वारा पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नमामि गंगे योजना भी गर्मी के मौसम में फ्लाप होती नजर आ रही है। जैतपुर सहित कई गांव में कई दिनों से पानी की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों की भारी भीड़ हैंडपंपों और कुओं में जुट रही है, ज्यादातर कुएं भी अब खंडहर हो जाने के कारण लोग हैंडपंपों पर आश्रित हैं, लेकिन अधिकांश हैंडपंपों में खासा पानी निकलने से लोग मजबूरन खारा पानी का सेवन कर रहे हैं। योजना के संचालन के जिम्मेदार ग्रामीणों को योजना का लाभ दिलाने के प्रति उदासीन बने हुए हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी भी शोपीस बनकर रह गई है।

विकासखंड जैतपुर के ग्राम बेलाताल, मुढारी, ठठेवरा, छितरवारा, टिकरियो, रिकवाहा, करारडांग, पचारा, भदरवारा, खैरारी सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव में नमामि गंगे योजना के तहत पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन तीन दिनों से इन गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप हो जाने से ग्रामीणों में खासा गुस्सा दिखाई दे रहा है। जैतपुर के खदियापुरा निवासी पंचमलाल रैकवार, मैयादीन रैकवार, बसंतलाल कुशवाहा का कहना है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे का गर्मी के मौसम में लोगों को लाभ नही मिल रहा है। सरकार अरबों रुपये पेयजल योजना के नाम पर खर्च कर रही है, लेकिन पेयजल आपूर्ति न होने से पानी को लेकर ग्रामीणों में हा हाकार मचा हुआ है।


शोपीस बनी खड़ी पानी की टंकी। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव-2024 | पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा, माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा

# आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर रखें कड़ी नजर : डीआईजी

संवाददाता जैतपुर, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर सोमवार को बेला सागर गेस्ट हाउस में चित्रकूट धाम बांदा के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनावी तैयारियों के बावत अधिकारियों से जानकारी हासिल की गई साथ ही अधूरे कार्य को मतदान से पूर्व पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। चुनाव के लिए फोर्स की व्यवस्था के बावत भी जानकारी ली गई साथ ही चुनाव भयमुक्त तरीके से संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए।


समीक्षा बैठक में मौजूद डीआईजी अजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

कोतवाली कुलपहाड़ के अंतर्गत बेलाताल गेस्ट हाउस में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि चुनाव दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। मतदाताओं को डारने धमकाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और 20 मई को मतदान भयमुक्त तरीके से संपन्न कराया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके। डीआईजी द्वारा लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बाहर से आने वाले अर्धसैनिक बल व पुलिस फोर्स के ठहरने के लिए उचित व्यवस्था के साथ साथ प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्धारित मानकों के अनुरूप न्यूनतम सुविधाओं मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए।

डीआईजी ने पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगातार संपर्क कर सूचनायें संग्रहित करने के साथ साथ क्षेत्र में माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे चुनाव में किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राकेश कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा सहित चुनाव सेल के कर्मी मौजूद रहे।

# चुनाव : जिले को 11 जोन और 75 सेक्टरों में बांटा गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर ले रहे जायजा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले को 11 जोन में बांटा गया है। सभी जोन में एक एक जोनल मजिस्ट्रेट लगाया गया, जबकि विधानसभा चरखारी में 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट और विधानसभा महोबा में 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने चुनाव स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लेने में जुट गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहन गांव गांव में बनाए गए मतदान केंद्रों में पहुंचकर जायजा ले रही हैं। इतना ही नहीं मतदान केंद्रों के मार्गों को भी देखकर रिपोर्ट भेजी जा रही है। मतदान केंद्रों में जा जाकर बिजली पानी, रैंप, शौचालय और पंखों की व्यवस्थाओं को भी देखा जा रहा है साथ ही जिन विद्यालयों में शौचालय, रैंप की समस्या आ रही है, वहां के प्रधानाध्यापकों को सभी व्यवस्थाओं को पूरा किए जाने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं, जिससे किसी भी तरह की मतदान के दिन अव्यवस्था का सामना न करना पड़े और आने वाले सभी मतदाताओं को समस्या न हो।

लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराए जाने से पहले ही गांव गांव में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की गाड़ियां सरपट दौड़ रही हैं। जिन मतदान केंद्रों के मार्ग ठीक नहीं हैं, मार्गों को दुरुस्त कराए जाने के बाबत जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट दी गई, जिससे मार्गों को समय से सही कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी अपने अपने सेक्टर में प्रतिदिन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके चलते आज कल चुनाव को लेकर बनाए गए मजिस्ट्रेट गंभीरता से हर कार्य को ले रहे हैं, जिससे किसी भी तरह की चुनाव के समय दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# चार दिन से लापता युवक का शव झाड़ियों में मिला

## परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का लगाया आरोप

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना के ममना गांव में बड़े तालाब के निकट एक खेत पास झाड़ियों में चार दिन से लापता 22 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। दो दिन पहले ही परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि किसी दूसरे स्थान पर हत्या कर शव यहां फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


सचिन।


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

क्षेत्र के ममना गांव निवासी डिल्लीपत पासवान परिवार के साथ ईट भट्टों पर काम करता है। नवरात्र में जवारा विसर्जन के समय वह परिवार सहित गांव आया था। उसके तीन बेटे जय सिंह, सचिन व पुष्पेंद्र हैं। तीन बेटियां हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। 22 अप्रैल को उसने अपने मंझले बेटे सचिन (22) की शादी भी मुस्करा में तय कर दी थी। 26 अप्रैल की शाम सचिन शौच जाने की बात कह कर घर से निकला। तभी से सचिन अचानक गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद उसकी कोई जानकारी नहीं लग रही थी। इस पर डिल्लीपत ने पिछले शनिवार को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने बड़े तालाब किनारे कल्लू के खेत की झाड़ियां में शव पड़ा देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। डिल्लीपत ने शव अपने बेटे सचिन का होने की जानकारी दी। उसका आरोप है कि सचिन के हाथ पैर व गले में चोट के निशान हैं। उन्होंने पुत्र की अन्य किसी जगह हत्या कर शव यहां झाड़ियों में फेंके जाने बात कही है। गांव के प्रधान जितेंद्र ने बताया कि गांव सहित आसपास गांवों के करीब दो दर्जन युवा बिच्छू गैंग से जुड़े हैं मृतक युवक की उनसे जान पहचान थी। हालांकि पिछले एक वर्ष से वह बिच्छू गैंग के आवारा लड़कों से दूर रहने लगा था। थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि ग्रामीण व परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव दो-तीन दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा। सूचना पर सीओ आशीष कुमार यादव व फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# स्कूल आने-जाने वाली छात्राएं शोहदों से परेशान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- कार्रवाई न होने से शोहदों के हौसले बुलंद

**अमृत विचार।** पुलिस की हीलाहवाली के चलते फिर से मजनुओं की बाढ़ सी आ गई। सुबह शाम स्कूलों से आती जाती छात्राओं को शोहदे परेशान करने लगे हैं। शाम के समय कोचिंग सेंटरों के बाहर चमचमाती हुई बाइकें लेकर शोहदे छात्राओं को परेशान कर रहे हैं। पुलिस द्वारा शोहदों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं।

गौरतलब है जहां प्रदेश की योगी सरकार नारी सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं वहीं शोहदें सरकार की नारी सुरक्षा की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्कूल और कोचिंग आती जाती छात्राओं को शोहदों द्वारा छींटाकशी करने और वाहनों से स्कूल आने जाने वाली छात्राओं के बगल से तेज रफ्तार में निकल दो पहिया गाड़ी में सवार शोहदें छींटाकशी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बतादें कि ये शोहदे स्कूल की छुटटी होने के बाद चमचमाती हुई नई नई गाड़ियों में तीन तीन शोहदों को बैठाकर स्कूली वाहनों के आगे पीछे चलकर फब्तियां कसते हैं। वहीं एंटी रोमियों टीम भी इस समय सुप्त होने से शोहदों के हौसले बुलंद हैं। राठ उरई मार्ग, राठ हमीरपुर और रामलीला मैदान के पास कुछ दिनों से कुछ शोहदें स्कूल से आने वाली छात्राओं को परेशान कर रहे हैं। कोतवाल उमेश कुमार का कहना था कि शोहदों पर कार्रवाई की जायेगी।

# खरेहटा में जागरुकता रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के खरेहटा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में खरेहटा गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करे। वहीं गांव के विद्यालय में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता रैली में प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।



खरेहटा गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

# चंडौत में श्री विष्णु महायज्ञ के समापन पर भंडारा, भक्त उमड़े


चंडौत गांव में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, सरीला(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चंडौत गांव के मेला प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का सोमवार को भव्य विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान बीते 21 अप्रैल को कलश यात्रा से शुरू हुआ था। यज्ञशाला में आचार्यों की देखरेख में मुख्य यजमान समेत अन्य लोग सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए श्री विष्णु की आराधना करते हुए वैदिक मंत्रों के बीच आहुति देने में लगे हुए थे। पवित्र यज्ञ स्थल की नियमित रूप से परिक्रमा कर लोग अपने एवं परिजनों के कुशल कामना के लिए याचना करते रहे। सोमवार को पूर्णाहुति होने के बाद यज्ञ समिति द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सुबह से शुरू हुआ विशाल भंडारा देर शाम तक चलता रहा। अंतिम दिन होने की वजह से सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी उमड़ी हुई थी। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। भंडारे में 50 क्विंटल की पूड़ी एवं चार क्विंटल का मिष्ठान यज्ञ कमेटी व ग्रामीणों की ओर से प्रसाद वितरण के लिए तैयार कराया गया। भंडारे में ग्रामीणों के अलावा आसपास के गांव के हजारों भक्तों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# अधेड़ किसान ने लगाई फांसी, मचा कोहराम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- शराब का लती होने के साथ-साथ साहूकारों और बैंक का था कर्ज

**अमृत विचार।** चिकासी थाने के चकअमरपुरा गांव में शराब पीने के लती एक अधेड़ ने अपने खेत में लगे अमरूद के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


बलवीर।

जानकारी के अनुसार चकअमरपुरा गांव निवासी बलवीर (45) पुत्र रामकृपाल ने रविवार की शाम अपने खेत में ट्यूबबेल के पास लगे अमरूद के पेड़ पर गमछे के फंदे से फांसी लगा ली। मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गई। शाम को जब परिजनों ने अधेड़ को लटका देखा तो सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि बलवीर दो भाइयों में बड़ा था। बताया कि पिता की 48 बीघा जमीन पर अपने हिस्से की खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बलवीर के ऊपर साहूकारों व बैंक का कुछ कर्ज भी था। जिसकी वजह से वह शराब का सेवन करने लगा था।

मृतक अपने पीछे मां आशारानी सहित दो पुत्रों उमेश और प्रिंस सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे।

# प्रेक्षक ने चुनावी कार्यों का जायजा लिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-47 हमीरपुर में 20 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से कराने के लिए चुनाव आयोग के व्यय प्रेक्षक पुरुषोत्थमन ने निर्वाचन से संबंधित जानकारी ली।

सुबह 10 बजे सर्किट हाउस से जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिसमें सी विजिल एप माध्यम से एफएसटी, एसएसटी, 1950 सेंटर, शिकायत प्रकोष्ठ मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल, एफएसटी, एसएसटी, वीडियो की लोकेशन का ऑनलाइन निरीक्षण किया। इसके पश्चात जनपद भ्रमण के लिए मुख्यालय हमीरपुर से राठ तिराहा होते हुए राठ मार्ग पर बिवांर में उडनदस्ता (एसएफटी) का जायजा लिया गया। उसके पश्चात बिवांर से सरीला स्टैंड पर स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) की स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात जरिया पुलिस बैरियर से यथास्थिति की जानकारी ली गई। गोहांड में उडनदस्ता (एफएसटी) से यथास्थिति की जानकारी चाही गई, तत्पश्चात आंबेडकर तिराहा (राठ) में स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) से यथास्थिति की जानकारी ली गई। तत्पश्चात आंबेडकर तिराहा (राठ) में स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) की स्थिति का जायजा लिया तथा एफएसटी व एसएसटी टीमों को चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। उपरोक्त के पश्चात मुस्करा-खरेला तिराहे पर उड़नदस्ता (एफएसटी) को निर्देशित करते हुए अपरान्ह 5.30 बजे वापस जनपद मुख्यालय प्रस्थान किया।


स्थैतिक निगरानी टीम की स्थिति का जायजा लेते व्यय प्रेक्षक पुरुषोत्थमन।

# महिला के साथ दो युवकों ने की मारपीट

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा के वार्ड नंबर 3 में चक्की से आटा लेकर घर आ रही महिला के साथ कस्बा के दो लोगों ने अकारण गालीगलौज व मारपीट करने पर पीड़ित महिला ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बा के वार्ड नंबर 3 की निवासी ममता पत्नी स्व.राम अवतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम समय 7:30 बजे चक्की से आटा लेकर घर आ रही थी। तभी रास्ते में मोहल्ले का रोहित पुत्र शिवपाल, चंद्रशेखर पुत्र शिवपाल उसे रोक कर अकारण गाली गलौज देने लगे। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। शोर सुनकर लोगों के एकत्र हो जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में जच्चा-बच्चा की मौत

**मुस्करा हमीरपुर।** थाना मुस्करा के ग्राम इमलिया निवासी गर्भवती महिला व नवजात बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। हालांकि परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लाए। अस्पताल पहुंची पुलिस घटना की जानकारी ली। जनपद बांदा के थाना मटौंध के मोहनपुरवा के दादू नामदेव ने पुत्री रैना (21) का विवाह जून 2022 में रवि पुत्र रामकिशोर नामदेव निवासी ग्राम इमलिया थाना मुस्करा के साथ किया था। मृतक रैना 9 माह की गर्भवती थी। परिजनों ने बताया कि सोमवार को घरेलू काम करते समय अचानक रैना को चक्कर आ गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गई। इस पर पहले गांव में ही बंगाली डॉक्टर से उपचार कराया तथा बाद में उपचार के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जच्चा बच्चा दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मुस्करा पुलिस सब इंस्पेक्टर गौरव चौबे भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस सब इंस्पेक्टर ने बताया कि मायके पक्ष के लोग किसी प्रकार की कोई विधिक कार्रवाई नहीं चाहते। इसलिए दोनों पक्षों ने आपसी समझौता और सहमति पर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।


रैना।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के मनकी चौराहे पर अवैध तमंचा लिए घूम रहे युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़कर जेल भेजा है। मनकी चौराहे पर एक युवक 12 बोर तमंचा लिए घूम रहा था। तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही उपनिरीक्षक पंधारी सरोज हमराहियों के साथ चौराहे पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ कर तलाशी ली। तो उसके पास से 12 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम कमल सिंह पुत्र मानसिंह निवासी देवकली कोतवाली कालपी जनपद जालौन बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

### जागरुकता रैली निकाली गई

**सरीला (हमीरपुर)।** विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रेड जोन एवं औरेंज जोन की ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें मतदान जागरूकता संबंधित गतिविधियां, पैदल मार्च, जागरूकता रैली, टोली गीत, दस्तक जागरूकता अभियान, पिंक रैली इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने जरिया, सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी ने खेड़ा शिलाजीत एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पहरा गांव में रैली का आयोजन कराया। इस मौके पर संबंधित सचिव, पंचायत सहायक सहित ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### जूस दुकानदार के साथ मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा के भौली रोड में गन्ने का जूस निकालने वाले युवक के साथ चार लोगों ने जमकर मारपीट की। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ थाने में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र शिव प्रसाद ने दी तहरीर में बताया कि वह भौली रोड में गन्ना का जूस की दुकान लगाए था। तभी सत्यम पुत्र राकेश अहिरवार निवासी चकोठी मुझे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसके साथी हरि पुत्र भोला अहिरवार, बॉबी पुत्र अज्ञात निवासीगण चकोठी, अमर पुत्र दयाराम निवासी सुमेरपुर एक राय होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अकारण गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं के लेनदेन को लेकर युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सैना रोड पर एक युवक ने गेहूं के लेनदेन को लेकर गांव के एक युवक को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव निवासी गंगादीन ने बताया कि वह कस्बे के सैना रोड पर ई रिक्शा में बैठा हुआ था। तभी उसके गांव का धर्मपाल उसके पास आया और गेहूं के लेनदेन को लेकर उससे विवाद करने लगा। बताया कि आरोपी ने जब उसे गालियां देना शुरू किया तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपी ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से पीड़ित को चोटें आईं हैं।

### कूड़े के ढेर में भड़की आग, दहशत

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में दोपहर को खाली पड़े प्लाट के कूड़े के ढेर में अचानक आग भड़क उठने से गांव में हडकंप मच गया। ग्राम प्रधान ने घटना से फायर दस्ते को अवगत कराया। फायर दस्ते ने गांव पहुंचकर आग पर काबू पाया। दरियापुर प्रधान आसाराम प्रजापति ने बताया कि पंचायत भवन के सामने प्रहलाद प्रजापति का खाली प्लाट पड़ा है। इस प्लांट में गांव के लोग कूड़ा आदि फेंक देते हैं। सोमवार को करीब 2 बजे कूड़े में अचानक आग भड़क उठी। ऊंची लपटे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को अवगत कराकर आग को बुझाने के प्रयास किये। ग्राम प्रधान ने घटना से फायर दस्ते को अवगत कराया। फायर दस्ते ने गांव पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग बुझने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।


कूड़े के ढेर में लगी आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

# मतदाता जागरुकता के लिए युवतियों ने बनाई रंगोली

युवा मतदाता महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला व नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय में युवा महोत्सव में उपस्थित नवयुवको ने मतदाता के रूप में प्रथम बार वोट देने को लेकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम युवा महिला वोटर ने रंगोली से मतदान के महत्व को उकेरा तथा पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सीनियर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वाद विवाद व भाषण एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं ने मतदान के महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, नेहरू युवा केंद्र की समन्वयक विष्णु प्रिया, युवा मंगल दल अधिकारी राजीव कुमार, महाविद्यालय के डॉ.शालिनी व प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।


रंगोली के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# बाइक सवार बदमाशों ने ट्रक चालक को लूटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के चरखारी रोड़ स्थित शराब के ठेके के पास दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने एक ट्रक के आगे अपनी बाइकों को लगाकर ट्रक को रोक लिया। बाइक सवार युवकों ने ट्रक चालक को ट्रक से नीचे उतार कर उसे जमकर पीटा और जेब में पड़े 2 हजार रुपये लूट लिए। चालक ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि वह ट्रक चलाकर चरखारी से राठ आ रहा था। बताया कि राठ चरखारी मार्ग पर टिकरिया गांव के पास स्थित शराब के ठेके के पास दो बाइकों पर सवार पांच अज्ञात युवकों ने उसके ट्रक के आगे अपनी बाइकों को खड़ा करके उसका ट्रक रुकवा लिया। बताया कि ट्रक के रुकने ही पांचो युवकों ने उसे ट्रक से नीचे उतारकर उसे जमकर पीटा और उसकी जेब में पडे 2 हजार रूपये भी लूट लिए। कोतवाल ने बताया कि घटना की जांच करा कार्रवाई की जा रही है।

कार्यकर्ता मायूस — कस्बे के त्रिवेणी मैदान के आंबेडकर पार्क में चल रही तैयारियां धरी रह गईं

# बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की जनसभा स्थगित

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का कार्यक्रम स्थगित होने से बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है। कस्बे के त्रिवेणी मैदान के अंबेडकर पार्क में चल रही तैयारियां ठप हो गई हैं।


आंबेडकर पार्क में जनसभा को लेकर लगा पंडाल। अमृत विचार

दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़े रखने के उद्देश्य से कस्बे के त्रिवेणी मैदान के आंबेडकर पार्क में आगामी एक मई को बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की सभा तय हुई थी। कार्यक्रम की हरी झंडी मिलते ही बसपा समर्थक जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए थे। जिस जगह पर यह सभा होनी थी वह पूरा इलाका दलित बाहुल्य है। वैसे भी कस्बे में सवर्ण ओबीसी मतदाताओं के समकक्ष दलित मतदाताओं की बाहुल्यता है। बसपा अन्य मतों के साथ दलित मतदाताओं को मजबूती के साथ पार्टी के साथ जोड़कर चुनाव लड़ने की मुहिम तेज किये है। इसी मुहिम के तहत इस सभा को यहां करने की तैयारी थी। इसी बीच राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने के कारण कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे बसपा समर्थकों में मायूसी छा गई है। बसपा के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार ने बताया कि एक मई को कस्बे में आयोजित होने वाली सभा स्थगित हो गई है। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने के कारण इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह सभा 18 मई के पूर्व कभी भी हो सकती है। इसके लिए तारीख और समय केंद्रीय कार्यालय से जारी होगा।

बसपा ने इस बार इस सीट पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाकर ब्राह्मण समाज का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। ब्राह्मणों दलितों को जोड़कर इस सीट पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी है। बसपा इस सीट पर 1999 तथा 2009 में जीत दर्ज करा चुकी है। दोनों बार क्षत्रिय समाज ने इस सीट पर फतेह हासिल की है। 2019 में बसपा ने क्षत्रिय समाज पर दांव लगाया था लेकिन भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के सामने हार का मुंह देखना पड़ा था।

बसपा ने 2014 के बाद फिर एक बार ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा है। बसपा की नैया को किनारे तक ले जाने के लिए बसपा अपने कैडर वोट पर पूरा ध्यान लगा रही है। कैडर वोट को रिझाने के लिए यह सभा कस्बे में तय की गई थी क्योंकि कस्बे के अलावा आसपास दलित वर्ग की आबादी अच्छी खासी है।

# शराब न लाने पर युवकों ने की मारपीट

**राठ।** जरिया थाने के करौंदी गांव में शराब न लाने से नाराज युवकों ने एक युवक को जमकर पीटा। इस बीच परिजन बचाने के लिए दौड़े तो उन्हें भी मारापीटा। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

करौंदी गांव निवासी सुधीर कुमार पुत्र शीतल शर्मा ने बताया कि वह वह अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव के नंदराम, भागीरथ, कल्लू और चिट्टू ने उससे शराब लाने के लिए कहने लगे। बताया कि जब उसने शराब लाने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। मारपीट होती देखकर जब उसका भाई अधीश, मां शीतला बाई और पिता शीतल शर्मा उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। पुलिस का कहना था कि पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

# सीपीआई नेता कॉमरेड परशुराम की धारदार हथियार से हुई हत्या

## भाकपा नेताओं में घटना को लेकर आक्रोश, पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, उरई



कॉमरेड परशुराम।



मौके पर जमा भीड़ व जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उरई के ग्राम अजनारी बाईपास पर सीपीआई नेता 70 वर्षीय कामरेड परशुराम की धारदार हथियार से उनके घर पर ही बीती रात सोते समय निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। हत्या के कारणों और साक्ष्य इकट्ठा करने में जुट गई है। कामरेड नेता की हत्या से राजनीतिक गलियारे में खलबली मचा गई। घटनास्थल पर पहुंचे ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस एक्टू राष्ट्रीय पार्षद जिला अध्यक्ष कामरेड राम सिंह चौधरी, वरिष्ठ समाजवादी नेता अशोक गुप्ता, सीपीआई नेता जिला मंत्री कामरेड विनय पाठक, धर्मेंद्र सिंह ने आस पास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी की। मृतक के पड़ोसियों ने बताया कि घर के अंदर कॉमरेड परशुराम लेटे हुए थे, सोते समय उनकी हत्या की गई है। उक्त नेताओं ने कहा यह हत्या एक जगन्य अपराध है योगीराज जहां एक तरफ फर्जी एनकाउंटर के जरिए कानून राज की दुहाई दे रही हैं वहीं अपराधी भय मुक्त होकर घर के अंदर घुसकर हत्या कर रहे हैं। हत्या करने वाला अभी तक नहीं पकड़ा गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाकपा नेताओं ने कहा कि अपराधी कोई भी हो उसको पकड़ कर सजा दी जाए। घटना का खुलासा शीघ्र किया जाए अगर केस का शीघ्र खुलासा नहीं किया गया तो सीपीआईएमएल सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी। एएसपी असीम चौधरी ने कहा कि घर के अंदर रात में हुई हत्या का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कुछ बताया जा सकता है।

### कीमती जमीन हो सकती है हत्या की वजह

जिला मुख्यालय से सटे अजनारी में 70 वर्षीय कॉमरेड परशुराम के घर के अंदर सोते समय हुई हत्या की वजह पारिवारिक रंजिश और करोड़ों की कीमत की जमीन बताई जा रही है। मृतक परशुराम के तीन लड़के हैं। बताया जाता है कि उनका एक लड़का पिता पर जमीन बेचने का दवाब बना रहा था। हालांकि अभी पुलिस कुछ भी बताने से कतरा रही है।

# जंगल में लगी आग काउंटर फायर विधि से बुझाई

**कालपी(जालौन)।** बीती रात को कालपी थाना क्षेत्र के तीन जंगलों में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए फायर कर्मियों के साथ राजस्व अधिकारी काउंटर फायर करके कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय नगर के पास कीरतपुर के जंगल में पहले आग लगने का सिलसिला शुरू हुआ। देखते ही देखते समीप के तिगरेश्वर जंगल तथा कर्बला के जंगल को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया।आग की भीषणता की खबर मिलने पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी महेंद्र वाजपेई के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों विनोद कुमार, अमृत लाल, गोविंद सिंह, मनीष, रविप्रकाश शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, जाहर सिंह आदि कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद दुबे आदि राजस्व कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पानी का छिड़काव करके कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# तंबाकू से हो सकती हैं घातक बीमारियां

कार्यालय संवाददाता



जानकारी देते जिला न्यायाधीश लल्लू सिंह व अन्य। अमृत विचार

**उरई (जालौन)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों तथा अनुरागिनी संस्था उरई के सहयोग से एवं जिला न्यायाधीश लल्लू सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला दीवानी न्यायालय सभागार में तम्बाकू निषेध विषय पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। शिविर की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने बताया कि तम्बाकू उत्पादों से अनेकानेक घातक बीमारियां हो जाती है। तम्बाकू में पाये जाने वाले घातक रसायन से कैंसर जैसा असाध्य रोग बहुतायत में हो रहा है। इससे मरने वालों की तादाद बहुत तेजी से बढ़ रही है जो अत्याधिक चिन्ता का विषय है। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, कर्मचारीगणों को धूम्रपान न करने की शपथ भी दिलायी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि तम्बाकू उत्पादों से होने वाली बीमारियों और तम्बाकू को कैसे छोड़ा जाये इसकी विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के प्रभारी सचिव अर्पित सिंह द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम की धाराओं को विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना दण्डनीय अपराध घोषित हो चुका है। जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला परामर्शदाता तृप्ति यादव ने बताया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन अत्यधिक नशे की लत है और तम्बाकू का उपयोग हृदय और श्वसन रोगों के लिए घातक है। इस जागरुकता कार्यक्रम का संचालन अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन द्वारा किया गया। अनुरागिनी संस्था के सचिव रवीन्द्र परमार द्वारा सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गए। इस अवसर पर जिला बार संघ के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव, अपर जिला जज मुहम्मद कमर, सिविल जज सीडी/एफटीसी अनुकृति सन्त, सिविल जज जूडी जावेद खान, प्रियंका सरन, अपर सिविल जज (जूडी) शैलजा, निकिता सिंह, सुधांशु सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्द्रभान सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुरजीत सिंह, आशा संस्थान उरई के प्रमुख राजेन्द्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद थे।

● **न्यायालय सभागार में तंबाकू निषेध जागरुकता कार्यक्रम**

# नकदी मिले तो ब्यौरे की जांच करें

संवाददाता, कालपी(जालौन)



मातहतों को जानकारी देते व्यय प्रेक्षक विवेकानंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव में कोई भी व्यक्ति असीमित धन खर्च न कर सके या अन्य प्रलोभनों से मतदाताओं को प्रभावित न कर सके इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक विवेकानन्द की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा उड़नदस्ता टीम चुनाव के दौरान पैनी नजर रखें। रविवार को उपजिलाधिकारी कालपी के कार्यालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय व्यय प्रेक्षक विवेकानन्द के साथ एसडीएम हेमंत पटेल, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदारों हरदीप सिंह नीलमणि सिंह, एसएम शुक्ला के अलावा जिम्मेदार अधिकारी तथा कर्मचारियों व पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। नेतृत्व में पांच-पांच सदस्यों की उड़ाका दल की तीन टीमों का गठन किया गया है। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव -2024 के लिए व्यय धनराशि सम्बन्धित चर्चा की। बैठक में केंद्रीय प्रेक्षक विवेकानन्द द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए गठित एफएसटी तथा एसएसटी टीमों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। मालूम हो कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में तीन उड़ाका दल की टीमों में नायब तहसीलदार कालपी प्रथम टीम तथा कदौरा के नायब तहसीलदार हरदीप सिंह तथा चुर्खी के नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह के नेतृत्व में गठित टीमें 8-8 घंटे घूम-घूमकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में निगरानी रखेंगे तथा नगदी व अन्य अवैध वस्तुओं को देखेंगे। टीम ने पुलिस सहित कई विभागों के कर्मचारी शामिल रहेंगे। इस संबंध में तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं को अनैतिक तरीके से प्रभावित करने वालों पर उड़ाका टीम निरंतर नजर बनाये रखेगी। वाहनों में किसी के पास अधिक नगदी मिलती है तो उसका ब्यौरा चैक किया जाएगा। शराब व अन्य मादक पदार्थों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

● **कहा, उड़नदस्ता टीमें चुनाव के दौरान पैनी नजर रखें**

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

**उरई ।** आटा थाना क्षेत्र के पिपराया गांव में कुएं में गिरकर युवक की मौत हो गई।

पिपराया में रहने वाला 37 वर्षीय लकी उर्फ मानवेंद्र सिंह रस्सी बाल्टी से कुएं से पानी निकाल रहा था, पानी से भरी बाल्टी को कुएं से खीचते समय रस्सी टूट गई, जिससे लकी का संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गया। लकी के कुएं में गिरने की जानकारी पहले लोगों को नहीं हुई। कुछ देर बाद जब लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।

लोगों ने उसे कुएं से बाहर निकालने के प्रयास किए। इधर मामले की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर एसओ धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके में पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन जब तक लकी उर्फ मानवेंद्र की मौत हो चुकी थी, पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बस में लगी आग, चालक परिचालक बाल-बाल बचे

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** माधोगढ़ से रामपुरा मार्ग पर मिहोनी गांव के पास एक निजी बस चलते-चलते जल उठी। बस माधोगढ़ से सवारी उतार कर रामपुरा होकर उरई वापस लौट रही थी। आग का कारण बस के फ्यूल पाइप के फट जाने से डीजल का रिसाव बताया जा रहा है। आग लगते देख चलती बस से चालक और परिचालक कूद गए, जिससे दोनों की जान बच गई। गनीमत रही कि बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। बस में लगी आग की सूचना पाकर दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

**कोर्ट परिसर के बाहर लगी आग, तीन अधिवक्ताओं के चैंबर जले:उरई (जालौन)।** कालपी रोड जिला जजी के बगल में अधिवक्ताओं के तीन चैम्बरों में सोमवार को बिजली के शार्टसर्किट से आग लग गयी। इससे देखते ही देखते तीन अधिवक्ताओं के चैम्बर जलकर राख हो गये। आग लगती देख वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आग कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग की चपेट में आने से चैम्बरों के अंदर रखी कुर्सियां, पंखें जल गए।



धू-धूकर जलती निजी बस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



मतदाताओं को जागरूक करते एनसीपीईडीपी के सदस्य। अमृत विचार

### चुर्खी, सोहरापुर में मतदाताओं को किया जागरूक

**कालपी जालौन।** नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन आफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (एनसीपीईडीपी) के जाविद खान की मौजूदगी में ग्राम पंचायतों सोहरापुर तथा चुर्खी में दिव्यांग मतदाता जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए फॉर्म 12-डी पर आवेदन करने की जानकारी दी। इनके अलावा मतदान डयूटी पर तैनात होने वाले बीएलओ के जरिये फॉर्म 12-डी भरकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बारे में बताया। बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान 80 वर्ष से अधिकआयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान का विकल्प भी हैं। कार्यक्रम में उपस्थिति लोग राम मूरत, कृपाराम, राम आसरे, सुबोध ,उमेंद्र, तेजपाल ,नत्थू, हरगोविंद, सचिन आदि शामिल हुए।

### पूजा करने गई महिला लापता

**उरई।** पूजा करने मंदिर गई महिला के लापता होने पर पति ने पुलिस को तहरीर दी है। जालौन कस्बे के धरम प्रकाश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व उसकी पत्नी सुबह मंदिर पूजा अर्चना के लिए घर से निकली थी, जो वापस नहीं लौटी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संसार की कोई वस्तु ईश्वर से अलग नहीं: कमलाकांत

संवाददाता माधौगढ़

**अमृत विचार।** तहसील के चितौरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मिर्जापुर से आए भगवदाचार्य कमलाकांत दुबे ने कथा के चौथे दिन सोमवार को प्रभु कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि ईश्वर संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु ईश्वर से अलग नहीं है।

कथा व्यास ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है।

# अस्पताल में दवा के साथ दिया जा रहा मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से 20 मई 2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता के तहत राजकीय मेडिकल कालेज में दवा लेने आये मरीजों को मतदान हेतु प्रेरित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को दवा के साथ लोकतंत्र की सेहत का मंत्र भी दे रहे हैं। उन्होने कहा कि चिकित्सक मतदान के लिये प्रेरित करने वाली मुहर भी लगा रहे हैं जिससे बढ़चढ़ कर मतदाता मतदान करेंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। कहा कि दवा, जांच और अन्य जरूरी सलाह के साथ पर्चे पर अनिवार्य रूप से मतदान के प्रति जागरूक करने की मुहर लगायी जा रही है, प्रत्येक दिन ओपीडी में लगभग 3000 मरीजों को उपचार के साथ-साथ चिकित्सक लोकतंत्र मजबूत करने के लिये शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ओपीडी में पर्चा काउण्टर पर पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों से वार्ता कर हालचाल जाना, साथ ही अपने नजदीकी मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान अवश्य करने की अपील की।



अस्पताल में मरीजों व चिकित्सकों को जानकारी देते डीएम राजेश कुमार पांडेय।

● **जिला निर्वाचन अधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, मरीजों के हाल जाने**

# कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने सोमवार को जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर निरूद्ध बन्दियों से जानकारी ली। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में जिला जज महोदय ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालय में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी के लिए सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल अमर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला एवं डीईओ दीपक नरायण उपस्थित रहे।

**लोकसभा चुनाव** पर्चा दाखिल करने तीन बजे के बाद पहुंचे बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम

# समर्थकों के साथ पहुंचे नामांकन करने, बैरंग लौटे

कार्यालय संवाददाता जालौन, उरई



समर्थकों के साथ नामांकन करने जाते बसपा प्रत्याशी व अन्य। अमृत विचार



पर्चा लेने पहुंचे निर्दलीय प्रत्याशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जालौन-गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम सोमवार को समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे। निर्धारित समय बीत जाने के बाद वे कलेक्ट्रेट पहुंच पाये जिससे उनका नामांकन नहीं हो पाया और समर्थकों के साथ उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। उनका नामांकन जुलूस शहर के करमेर रोड स्थित जीआईसी उरई के मैदान से बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी की अगुवाई में प्रारंभ हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता शामिल हुए। नामांकन जुलूस शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा, घंटाघर, माहिल तालाब होते हुए बजरिया से आम्बेडकर चौराहा पहुंचे जहां पर स्थित डा. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नामांकन जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां पर रिर्टनिंग अधिकारी के कक्ष में निर्धारित समय से आधा घंटा लेट होने के कारण नामांकन नहीं हुआ।

इसके चलते बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम नामांकन नहीं कर सके। भगवती शरण पांचाल, अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य, कैलाश राजपूत जिला पंचायत सदस्य, आदित्य भंते, कार्यालय प्रभारी उदयवीर दोहरे नन्ना, मिथलेश बरसार, प्रदीप यादव दाऊ पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विकल प्रजापति जिला प्रभारी, प्रदीप यादव दाऊ पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विकल प्रजापति, वरिष्ठ बसपा नेता आनंद परिहार, सगीर अली, बलवान रजक हरदोई गूजर, हीरालाल चौधरी सहित हजारों बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निर्दलीय ने दाखिल किया पर्चा, छह प्रत्याशियों ने लिया फार्म

**उरई (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय के कक्ष में 6 प्रत्याशियों ने 10 पर्चे प्राप्त किये। इसके साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी चन्द्रभान वर्मा ने नामांकन किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। जनपद जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या-13 में निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा ने 2 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन ने 2 सेट, विश्वनाथ प्रताप जनता दल के प्रत्याशी धर्मेन्द्र ने 2 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत ने 1 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी रामचन्द्र ने 1 सेट, प्रजातांत्रिक जनसेवा पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह ने 2 सेट में पर्चा खरीदे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी चन्द्रभान वर्मा ने 1 सेट दाखिल किया।

# आग से चाय की टपरी और सामान जल कर राख

**उरई।** जालौन क्षेत्र में आग की घटनाएं लगातार हो रही हैं। सोमवार को सड़क किनारे चाय की टपरी (झोपड़ी) में आग लग गई। इससे टपरी और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। चाय बेचने वाली महिला का आरोप है कि किसी ने टपरी में आग लगा दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चमारी की रहने वाली 50 वर्षीय शकुंतला सड़क के किनारे लकड़ी और बांस से बनी झोपड़ी में चाय बेचकर गुजारा कर रही थी, बीती रात अज्ञात कारण से टपरी में आग लग गई, जिसमें चाय बनाने के बर्तन, चाय की पत्ती, चीनी और बिस्किट, पान मसाले की पुड़ियां समेत करीब दो हजार रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। महिला ने बताया किसी ने रंजिशन उसकी टपरी में आग लगाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैनें अपना नाम इन्द्रसेन से बदलकर इन्द्रसेन गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना-पहचाना जाय। **इन्द्रसेन गौतम पुत्र राकेश कुमार, पता- बैरी, पो0-खख्रेरू, फतेहपुर, उ0प्र0-212656**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे भवन सं0 सी 35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र 4/ JS (A) 89 दिनांक 10/03/89 एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र न0-2094/JS (A) दिनांक 05/04/1989 जो लखनऊ विकास प्रधिकरण लखनऊ द्वारा रामचन्द्र कनौजिया पुत्र कुलंची कनौजिया के नाम से जारी किया गया था। मूलरूप से खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **-रामचन्द्र कनौजिया, निवासी- सी-35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ**

**तलाश गुमशुदा**



नाम - **गुमशुदा मोहनलाल**
पुत्र- जित्ता
हुलिया-लम्बा चेहरा, रंग सांवला ऊंचाई करीब 05 फुट
उम्र- 60 साल
पहनावा - लाइनदार सफेद शर्ट, चॉकलेटी रंग का लोवर, चॉकलेटी रंग के जूते हांथ मे लाठी

गुमशुदा मोहनलाल पुत्र जित्ता, ग्राम- रामसिंह खेड़ा, मजरा- थाना, पो0- थाना, जनपद- उन्नाव का निवासी है जो कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः 9: 30 बजे से अपने गांव से यह कहकर निकले की दवा लेने जा रहा हूँ दोपहर 12 बजे तक कोई खोज खबर नही मिलने पर घर वाले ढूंढने के लिये निकले हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन माखी थाना में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यदि किसी थानें में इस हुलिया/पहिचान का गुमशुदगी/लापता का कोई व्यक्ति किसी की जानकारी में हो तो निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेंगा।

क्षेत्राधिकारी उन्नाव मो.9454401528
(प्रभारी निरीक्षक) माखी-उन्नाव मो.8081211202 8960871819

रामबिलास - 8009226388
धर्मेश- 7607047430

